यदि इस समय सरकार के लिए औपचारिक रूप से संविधान में समग्र रूप से पुनर्विचार करना सम्भव नहीं है तो कम से कम विधि मंत्री को यह घोषणा कर देनी चाहिये कि सरकार इसकी जांच करेगी ताकि हम संविधान में बार-बार संशोधन करने से बच जायें।

उच्चतम न्यायालय में निलम्बित मामले में प्रधान मंत्री का चुनाव अन्तर्ग्रस्त नहीं है । यह मामला तो श्रीमती इंदिरा गांधी का रायबरेली से लोक सभा के लिये निर्वाचित

[श्री भोगेन्द्र झा]

होने के बारे में है । यदि उच्चतम न्यायालय राय बरेली से हुए चुनाव के मामले को एक तरफ भी रख दे तो श्रीमती इंदिरा गांधी 6 महीनों के लिये कानूनी तौर पर प्रधान मंत्री बनी रह सकती हैं। केवल शर्त यह है कि उन में सभा का विश्वास होना चाहिये। इस विधेयक के उपबंधों से यदि किसी प्रकार की शंका हो तो उसका समाधान नहीं होता है ।

इस सम्बन्ध में विशेष तंत्र का निर्माण नितांत आवश्यक है। सभा को और सरकार को यह सोचना होगा कि क्या वर्तमान संवैधानिक ढांचे के अन्तर्गत प्रधानमंत्री तथा राष्ट्रपति को भी उसी श्रेणी के अन्तर्गत रखा जा सकता है। प्रधान मंत्री बहुत शक्तिशाली हैं और वास्तव में देश का कार्यकारी अध्यक्ष प्रधानमंत्री ही है। संविधान ने ही प्रधान मंत्री को विशेष श्रेणी में रखा है । राष्ट्रपति को तो प्रधानमंत्री द्वारा लिये गये निर्णयों पर अपनी मोहर लगानी होती है। इस प्रकार श्री जवाहरलाल जी के शब्दों में राष्ट्रपति संवैधानिक अध्यक्ष हैं ।

अध्यक्ष महोदय : आप 20 मिनट तक बोल चुके हैं। अगर कोई और वक्ता नहीं है तो इस का यह अर्थ नहीं कि एक ही सदस्य बोलता जाये।

श्री इन्द्रजीत गुप्त (अलीपुर) : इस विषय पर चर्चा के लिये कितना समय नियत किया गया है।

अध्यक्ष महोदय : कोई समय नियत नहीं किया गया। मुझे सभा की कार्यवाही को चलाना होता है।

श्री एच० एन० मुकर्जी (कलकत्ता-उत्तर) : आप सभा और देश की मर्यादा का प्रतिनिधित्व करते हैं। लेकिन बहुमत वाला दल सभा की मर्यादा का उल्लंघन करता रहता है। यहां विनम्रता, मर्यादा का कोई ध्यान नहीं रखा जाता।

श्री भोगेन्द्र झा : हमारे राष्ट्रपति संवैधानिक अध्यक्ष हैं। इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि प्रधान मंत्री, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और अध्यक्ष को एक ही श्रेणी में न रखा जाये वरना भ्रान्ति पैदा हो जायेगी ।

जहां तक नौवीं सूची के संशोधन का सम्बन्ध है, सरकार को अवश्य पता होगा कि चंडीगढ़ उच्च न्यायालय ने पंजाब तथा हरियाणा की बहुत ही महत्वपूर्ण भूमि की अधिकतम सीमा अधिनियमों को अमान्य घोषित कर दिया है। उन अधिनियमों को इस में शामिल क्यों नहीं किया गया। इसी तरह बिहार और महाराष्ट्र के कुछ अधिनियम भी इसमें सम्मिलित नहीं किये गये। पंजाब तथा हरियाणा में इस कारण बहुत असंतोष है। अतः इस विधेयक को प्रभावी ढंग से लागू नहीं किया जा सकता। यह विधेयक शीघ्रता में तैयार किया गया है।

श्री पी० आर० शिनाय (उडिपी) : अन्य उपबंधों के अतिरिक्त इस विधेयक द्वारा उन 38 अधिनियमों को संवैधानिक संरक्षण दिया जा रहा है जो नौवीं अनुसूची में सम्मिलित किये गये हैं। अन्य अधिनियमों की बात तो ठीक है लेकिन आंसूका अधिनियम के शामिल किये जाने पर मुझे घोर आपत्ति है ।

आंसुका तो आपात स्थिति से पहले ही संरक्षित है। आंसुका के अन्तर्गत गिरफ्तार व्यक्ति आपात स्थिति में गिरफ्तारी के बारे में चुनौती नहीं दे सकता। किन्तु यदि इस अधिनियम को भी शामिल कर लिया जाता है तो आपात स्थिति समाप्त होने के बाद भी आंसुका के अन्तर्गत राजनीतिक कारणों से गिरफ्तार व्यक्ति अपनी गिरफ्तारी के बारे में चुनौती नहीं दे सकेगा। अतः आंसुका सम्बन्धी उपबंध का मैं विरोध करता हूं।

Prof. Sher Singh (Jhajjar): So far as the motive behind this Bill is concerned, there cannot be two opinions about it. The offices of President, Vice-President, Speaker and Prime Minister are the highest occupied by the high dignitories of the country. But I have objections to the offices of Deputy Speaker and Deputy Chairman being included in this list. Otherwise this special list will become too long and its importance will be finished. So I support this Bill upto this point. In fact this Bill should have been brought earlier.

I think clauses 4 and 5 are unnecessary.

Many acts have been included in the 9th Schedule. That is correct. All the amendments to the Peoples' Representation Act, 1951 also find a place in this Schedule. In case this Act is amended again, the amending bill will also have to be brought before the House. I think there was no need for its inclusion in the Schedule when a separate authority is going to be constituted for these high offices. So in my opinion item 87 should be deleted.

With these two suggestions, I support this Bill.

श्री अरविन्द बाला पंजनौर (पांडिचेरी) : अध्यक्ष महोदय मैं निर्धारित समय के भीतर ही विधेयक की गुण-दोष पर चर्चा करूंगा। मेरे मित्र ने अभी कुछ पदों को नौवीं अनुसूची में शामिल किये जाने पर आपत्ति की है। हम प्रायः ब्रिटेन की संसद को आदर्श मान कर चलते हैं। हमें यह पता है कि ब्रिटेन में यदि एक बार कोई अध्यक्ष का पद ग्रहण कर लेता है तो फिर उसका विरोध नहीं किया जाता। वहां पर चुनाव याचिका के माध्यम से अध्यक्ष के चुनाव को चुनौती देने के लिये निर्वाचन विधि भी नहीं है। इसी प्रकार यहां भी अध्यक्ष के पद को राष्ट्रपति के पद के समकक्ष बनाया जाये तो कोई गलत बात न होगी। प्रधान मंत्री का पद शामिल किये जाने के बारे में भी लोगों को मिथ्या भ्रम है। यदि आप इसमें उपाध्यक्ष और सभापति को भी जोड़ना चाहते हैं तो मैं कहूंगा कि मेरा नाम भी उसमें जोड़ा जाए। पर वह ठीक नहीं होगा।

इस सम्बन्ध में सबसे महत्वपूर्ण बात है समय। हमें इस समय विद्यमान परिस्थितियों को सामने रख कर इस पर विचार करना चाहिए। इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि संसद् सर्वोच्च है और प्रधान मंत्री का वहां बहुमत है वे बहुमत को व्यक्त करती हैं। अतः प्रधान मंत्री की स्थिति सबसे ऊपर है।

गत 27 वर्षों में हम कतिपय रुकावटों के कारण ही उन्नति नहीं कर सके। अतः उन रुकावटों को हटाना आवश्यक है। इसी उद्देश्य को सामने रखकर आपात स्थिति की घोषणा की गई है। यह एक सर्व विदित तथ्य है कि हमारा संविधान सर्वगुण सम्पन्न नहीं है अतः उसमें बहुत कुछ संशोधन किए जाने हैं। परन्तु वे सब एक दिन में नहीं हो सकते। अतः आवश्यक संशोधन इस समय किए जा रहे हैं।

[श्री अरविंद बाला पजनोर]

मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के निर्णय के गुण-दोषों में नहीं जाना चाहता हू परन्तु इतना सर्व-विदित है कि वह राजनीतिक निर्णय विधि सम्मत नहीं। फिर यदि प्रधान मंत्री और अध्यक्ष के चुनाव पर उंगली उठाई जाती है तो उसकी जांच सर्वोच्च न्यायालय या कोई और न्यायालय न करके हम स्वयं करें।

इस संशोधन के द्वारा राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और अध्यक्ष के चुनाव को न्यायालय में न ले जाए जाने का उपबन्ध किया गया है। परन्तु इसके साथ ही कोई अन्य विधानों को भी इसके अन्तर्गत नौंवी अनुसूची में जोड़ा गया है। मेरे विचार से इससे कई जटिलताएं पैदा हो जाएंगी। इतने अधिक विधानों को उसमें शामिल नहीं किया जाना चाहिए। आर्थिक और भूमि सम्बन्धी कानूनों को ही इसमें शामिल किया जाता तो उचित रहता। मात्र उन्हें 9 वीं अनुसूची में शामिल करने से कुछ नहीं होता, मुख्य बात तो उन्हें भली प्रकार लागू करना है।

श्री मोहन धारिया : नौवीं अनुसूची में 40 से भी अधिक विधानों को शामिल किया जा रहा है। उन सबको बिना समझे उनके शामिल किए जाने का समर्थन कम से कम मैं नहीं कर सकता और इतने कम समय में उन सबको देख जाना बढ़ा कठिन था।

मैं इस सुझाव से सहमत नहीं कि संविधान में संशोधन करने के लिए संविधान सभा बुलाई जानी चाहिए। अनुच्छेद 368 के अन्तर्गत ऐसी स्थिति में यह सभा संविधान सभा के रूप में काम करती है तथा कुछ सीमा तक राज्य विधान सभाएं भी उसका अंग होती हैं।

सत्ताधारी दल ने समाजवादी समाज की बात को 1964 में मान लिया था और मैं समझता था कि माननीय विधि मंत्री इस सम्बन्ध में एक व्यापक विधेयक पेश करेंगे, संविधान में परिवर्तन करने के लिए। परन्तु ऐसा नहीं हुआ।

उन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए जिन्हें हम प्राप्त करना चाहते हैं, हमें संविधान के ढांचे में मूल भूत परिवर्तन करना चाहिए। मैं इस बात से सहमत हूं। मैं इस बात को भी मानता हू कि संसद सर्वोच्च है। इन सब बातों की दृष्टि से मैं पूछता हू कि क्या सरकार संविधान में परिवर्तन करने के लिए व्यापक कार्यक्रम पेश करेगी? परन्तु खेद है ऐसा कोई आभास अभी तक नहीं मिला है। इस प्रकार के एक दो संशोधन पेश करने से काम नहीं चलेगा।

उपराष्ट्रपति का चुनाव लोक सभा तथा राज्य सभा के सदस्यों द्वारा किया जाता है अत: उसको चुनौती देने का प्रश्न ही नहीं उठता और यदि इसे विधेयक में शामिल किया जाता है तो मुझे कोई आपत्ति नहीं। लेकिन जहां तक राष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और अध्यक्ष के पद का प्रश्न है यह प्रमुख पद हैं और इन पदों की प्रतिष्ठा तथा गरिमा बनाए रखने के लिए किस प्रकार का तंत्र या सांविधिक प्राधिकरण बनाया जाएगा, इसके संबंध में विधि मंत्री ने कुछ नहीं बताया है। विधेयक से भी कुछ स्पष्ट नहीं। मैं यह महसूस करता हूं कि देश में इस प्रकार के एक प्राधिकरण अथवा निकाय बनाने की अत्यंत आवश्यकता है और मैं इसके लिए पूरा समर्थन देता हूं। परन्तु मुझे खण्ड 4 के उपखण्ड (4) और (5) पर आपत्ति है इन दो खण्डों के अनुसार यदि उच्च न्यायालय ने कोई निर्णय ले लिया है और उच्चतम न्यायालय में कोई मामला विचाराधीन पड़ा है तो उसको गैर-कानूनी अथवा अवैध समझा जाएगा, इसलिए मैं इस विधेयक का समर्थन नहीं करता।

मैं एक निकाय बनाने के उद्देश्य को समझता हूं। परन्तु यह बहुत पहले बनाया जाना चाहिए था तब ऐसा करना बिल्कुल ठीक होता। परन्तु अब जबकि एक व्यक्ति विशेष के मामले में उच्च न्यायालय ने निर्णय दे दिया है और यदि सरकार संविधान में इस हेतु संशोधन करना चाहती है तो मैं इसका समर्थन नहीं कर सकता। मैं हमेशा सिद्धान्तों के बारे में बोलता हूं इसलिए मैं अपने सहयोगियों से अनुरोध करता हूं कि वह इस बात पर विचार करें कि क्या संविधान में इस प्रकार के संशोधन करना उचित है। जब हम संविधान में संशोधन करने के बारे में सोच ही रहे हैं तो हमें निष्पक्ष हो कर इस बारे में विचार करना चाहिए।

देश में हो रहे नये परिवर्तनों को दृष्टिगत रखते हुए मैं यह कहना चाहता हूं कि अभी कुछ और परिवर्तनों की आवश्यकता है उदाहरण के लिए निर्वाचन कानून तथा शिक्षा पद्धति में परिवर्तन की आवश्यकता है तभी देश की सामाजिक आर्थिक प्रगति हो सकती है। सरकार को राष्ट्रीय स्तर पर विचार विमर्श करना चाहिए। यदि संविधान के ढांचे में और इसके मूलभूत सिद्धातों में परिवर्तन करना आवश्यक है तो इसके लिए एक राष्ट्रीय कार्यक्रम अपनाया जाना चाहिए जो इस सभा के सभी पक्षों तथा समूचे देश को मान्य हो। उसे उच्चतम प्राथमिकता दी जानी चाहिए तथा उसे देश और जनता के हित में क्रियान्वित किया जाना चाहिए। यही समय का तकाजा है। इसी प्रकार हम आम जनता की सेवा कर सकते हैं तथा इस संसद की प्रतिष्ठा व गरिमा को बनाए रख सकते हैं।

श्री इन्द्रजीत गुप्त (अलीपुर) : अध्यक्ष महोदय यह कहा जा रहा है कि सदन आज स्थगित हो रहा है। सदन अनिश्चित काल के लिए स्थगित होगा अथवा एक विशेष तिथि के लिए इस बारे में हम कुछ नहीं जानते। लेकिन मैं प्रसन्न हूं कि सदन स्थगित हो रहा है। विधि मंत्री को भी कुछ आराम की आवश्यकता है अन्यथा जिस ढंग से वह संविधान में बार बार संशोधन कर रहे हैं उससे बड़ी भ्रान्ति हो सकती है अतः उन्हें सदन के इस पक्ष के सदस्यों द्वारा दिए गए मूल्यवान सुझावों पर विचार करने का समय दिया जाए तो बेहतर रहेगा।

विधि मंत्री को इस संबंध में उठने वाले सभी प्रमुख प्रश्नों के बारे में स्पष्टीकरण देना चाहिए क्योंकि सदन आज स्थगित हो रहा है न तो हमारे पास चर्चा का समय है न हम इस संबंध में कुछ संशोधन प्रस्तुत कर सकते हैं।

प्रस्तावित नए अनुच्छेद 329क (4) को देखते हुए यह समझना कठिन है कि दो दिन पहले लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन करने की क्या आवश्यकता थी क्योंकि अनुच्छेद 329क (4) से यह पूर्ण स्पष्ट हो जाता है कि कोई भी याचिका, जो विचारधीन है अथवा जिसके बारे में निर्णय दिया जा चुका है स्वतः समाप्त हो जाएगी। आप यह स्पष्ट कीजिए कि यह सभा सदस्यों के लिए है क्योंकि कई सदस्य सुबह से सेंट्रल हाल में इस पर चर्चा कर रहे है यह सच है। कि राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और अध्यक्ष के पद अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं फिर भी यह संदेहस्पद है कि क्या इस उद्देश्य के लिए कानून की दृष्टि में उनको एक स्तर पर रखा जा सकता है। राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के पद दल के पद नहीं हैं। अध्यक्ष का पद पूर्णतया भिन्न है क्योंकि वह पीठासीन अधिकारी होता है और दलगत राजनीति से ऊपर होता है। परन्तु प्रधान मंत्री दोनों सभाओं में से एक सभा का सदस्य निर्वाचित होने तथा तत्पश्चात् दल अर्थात् बहुमत दल का नेता निर्वाचित होने पर ही प्रधान मंत्री बनता है। इसलिए जब निर्वाचन विवादो आदि का निर्णय करने के लिए न्यायालय के स्थान पर नए प्राधिकरण अथवा

[श्री इन्द्रजीत गुप्त]

निकाय बनाने का प्रश्न सामने आता है तो प्रधान मंत्री के मामले में उस प्राधिकरण अथवा निकाय के स्वरूप एवं प्रक्रिया का यहां उल्लिखित अन्य पदों के समान होना आवश्यक नही है।

कुछ सदस्यों ने मुझ से पूछा है कि क्या अब किसी के लिए न्यायालय में जाकर यह कहना संभव होगा कि प्रधान मंत्री के पद को जो संरक्षण दिया गया है वह अन्य सदस्यों के साथभेद भाव है क्योंकि प्रधान मंत्री पहले दोनों सभाओं में से किसी सभा का सदस्य निर्वाचित होता है। यदि कोई व्यक्ति भेद भाव के आधार पर मामला उठाता है तो क्या होगा। क्योंकि आरंभ में तो चुनाव को चुनौती दी जा सकती है। यह किसी व्यक्ति के प्रधान मंत्री के रूप में चुने जाने का प्रश्न नहीं है परन्तु मूलतः उसके किसी भी सभा के सदस्य निर्वाचित होने का प्रश्न है। कुछ माननीय सदस्यों ने कहा हैं कि प्रस्तावित नए 329क अनुच्छेद सबको संरक्षण देता है। परन्तु मैं ऐसा नहीं समझता।

जहां तक प्रस्तावित नए प्राधिकरण अथवा निकाय के गठन का संबंध है उसके गठन अथवा स्थापना में अधिक विलम्ब नहीं किया जा सकता। इसे कुछ ही दिनों में स्थापित करना परन्तु इस निकाय के स्वरूप इसकी कार्य पद्धति आदि को कम से कम उन दलों के विचार विमर्श के बिना जो सरकार का समर्थन कर रहेहैं, विशेषतया इस आपातकालीन स्थिति में, अंतिम रूप नहीं दिया जाना चाहिए आप लोगों को हमारा सहयोग चाहिए अथवा नहीं आप पहले इस बारे में निर्णय कर ले। मैं जानता हूं कुछ लोग हमारा सहयोग नहीं लेना चाहते पर हम उनकी राय को बहुमत की राय नहीं मानते। इस संबंध में निर्णय लेना सतारुढ़ दल का काम है अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि वह इस प्राधिकरण अथवा निकाय को अंतिम रूप देने में जल्दबाजी से काम न लें और उसकी स्थापना उचित विचार विमर्श उपरान्त का जाए।

आज हमारे समक्ष संविधान संशोधन विधेयक रखा गया है। यह बहुत महत्त्वपूर्ण विधेयक है और इससे कई आधारभूत मामले उठते हैं लेकिन आपने इस पर किसी किस्म की सलाह लेने अथवा चर्चा कराने की कोई आवश्यकता नहीं समझी है। मैंने इन संशोधनों के संबंध में एक प्रश्न विशिष्ट रूप से पूछा था कि क्या यह संशोधन केवल आपातकालीन स्थिति तक रहेंगे अथवा कि इन्हें स्थायी तौर पर सांविधिक ग्रन्थ का अंग बना दिया जाएगा। ग्रह मंत्री ने इसका उत्तर देते हुए कहा कि आपने सही कहा है अतः यह स्पष्ट है कि ये केवल आपातकालीन स्थिति तक ही प्रभावी रहेंगे।

आप अंतरिक्ष सुरक्षा कानून और इसके सभी संशोधनों को नौवीं सूत्री में स्थायी तौर पर रख रहेहैं चाहे देश में आपातकालीन स्थिति रहे या न रहे। आपने कुछ दिन पहले सदन में जो आश्वासन दिया था उसका क्या हुआ। यह एक गंभीर मामला है। अतः इसे सहज रूप में नहीं लिया जाना चाहिए। यदि आप हमारे दल के साथ उसी प्रकार व्यवहार करते रहे तो वास्तविक और सार्थक सहयोग पैदा करने में कठिनाईयां होंगी। मैं इस सम्बन्ध में अपने मित्रों को चेतावनी देना चाहता हूं।

आपातकालीन स्थिति की घोषणा के बाद संसद का यह पहला अधिवेशन था। हमने सामान्य प्रक्रियाओं का उल्लंघन करके प्रश्नोत्तर काल समाप्त करने आदि के लिये सत्तारुढ़ दल को अपना पूरा पूरा सहयोग दिया। मंत्री महोदय ने यह आश्वासन दिया था कि इसे भविष्य में लागू नहीं किया जायेगा। लेकिन सत्तारुढ़ दल वाले लोग अब यह समझने लग गये हैं कि यह प्रक्रिया बहुत अच्छी है तथा भविष्य में भी जारी रहनी चाहिये। लेकिन हमारा दल इसी शर्त पर सहमत हुआ था कि इस प्रक्रिया को केवल इसी सत्र में लागू किया जायेगा। संसद का कार्यकरण प्रश्नोत्तर काल को समाप्त करने तथा मंत्री को

उत्तर देने से मुक्त करने से सुचारू नहीं हो सकता। हम इसके लिए दूसरे सत्र के लिये सहमत हुये थे। इसे स्थायी प्रक्रिया नहीं बनाया जाना चाहिये।

इस संसद की कार्यवाही पर जिस ढंग से सेंसरशिप सम्बन्धी नियम लागू किये जा रहे हैं, वह प्रजातंत्र के लिये घातक है। श्री जगजीवन राम ने नजरबंद और गिरफतार लोगों के बारे अपने वक्तव्य में स्पष्ट कहा था कि वे सब बिलकुल ठीक तथा स्वस्थ हैं। लेकिन इस वाक्य को सेंसर अधिकारियों ने काट लिया। यदि यह वक्तव्य अखबारों में प्रकाशित हो जाता तो देश भर में फैली इस प्रकार की अफवाहें दूर हो जाती कि ये ये व्यक्ति जेल में मर रहे हैं तथा ये ये लोग जेल में भूख हड़ताल पर हैं।

प्रधान मंत्री के भाषण भी सेंसर हो रहे हैं। कौन जिम्मेवार है? क्या राजनैतिक हथियार के रूप में सेंसरशिप लागू करने का यह कोई तरीका है?

श्री एच० एन० मुखर्जी : इस बात का उत्तर आज शाम तक आ जाना चाहिये (**व्यवधान**)।

श्री इन्द्रजीत गुप्त : सेंसरशिप एक राजनैतिक हथियार है जिसका उपयोग प्रजातंत्र की ताकतों को मजबूत करने तथा सत्ता हथियाने वाली प्रतिक्रियावादी ताकतों पर प्रहार करने के लिये किया जाना चाहिये। क्या इसका उपयोग इस प्रकार हो रहा है? मैं तो कहूंगा कि इसके उपयोग से तो हमारे शत्रुओं के ही हाथ मजबूत हो रहे हैं।

लोक सभा की कार्यवाहियों की जिस ढंग से सेंसरशिप हो रही है, उससे लोगों के बीच यही धारणा पदा हो रही है कि मंत्री नित्यप्रति भाषण दे रहे हैं तथा बिना वादविवाद के बिल पास हो रहे हैं। हमें कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिये जिससे विदेशी समाचार पत्रों को हमारे उपर कीचड़ उछालने का अवसर मिले। 'लंदन इकानिमिस्ट', 'टाईम्ज़', 'न्यूज़वीक', 'न्यूर्याक टाइम्ज़' आदि आदि समाचार पत्र हमारे विरुद्ध कीचड़ उछाल रहे हैं।

सेंसर अधिकारियों ने आदेश जारी किये हैं कि विरोधी दल के किसी भी सदस्य के भाषण प्रकाशित न किये जायें। लेकिन उन सदस्यों के भाषण भी तो प्रकाशित नहीं किये जाते जो विरोधी दलों से सम्बन्ध नहीं रखते। यह एक राजनैतिक हथियार है। अतः सारी सेंसर प्रणाली की पूरी पूरी छानबीन की जानी चाहिये और यह पता लगाया जाना चाहिये कि जनसंघ के कौन कौन से एजेन्ट ऐसा काम कर रहे हैं।

मैंने एक बार पहले भी सुझाव दिया था कि सेंसर के लिये एक सलाहकार समिति बनाये जानी चाहिये। लेकिन इन बातों की ओर कोई भी ध्यान नहीं देता। ये बातें भविष्य में नहीं होनी चाहिये। यदि आप हमारा सहयोग चाहते हैं तो हम से स्वतंत्र दलों जैसा व्यवहार किया जाये। मुझे आशा है कि भविष्य में इन बातों की ओर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

श्री इब्राहीम सुलेमान सेट (कोजीकोड) : मेरे दल, सी० पी० आई० तथा ए० डी० एम० के० आदि दलों ने आपातकालीन स्थिति का समर्थन किया है। यदि प्रधान मंत्री यह कदम न उठाती तो दक्षिण-पंथी प्रतिक्रियावादी देश को अराजकता की ओर धकेल देते। लेकिन हमें दुख है कि हमें विश्वास में लिये बिना ही इस प्रकार के महत्वपूर्ण विधेयकों को सभा के सामने लाया जा रहा है। अब दक्षिणपंथी प्रति-क्रियावादी दल हमारे बीच नहीं है। लेकिन इसका अर्थ यह नहीं है कि अन्य दलों को भी विश्वास में

[श्री इब्राहीम सुलेमान सेट]

न लिया जाये। यह दृष्टिकोण ठीक नहीं है। यह संविधान का 40वां संशोधन है। इसका अर्थ यह है कि हम संविधान का स्वरूप ही बदलने जा रहे हैं। इस विधेयक में उपाध्याक्ष महोदय को शामिल नहीं किया गया। उपाध्यक्ष का चुनाव भी उच्चतम न्यायालय तथा उच्च न्यायालय के अधिकार क्षेत्र से बाहर होना चाहिए। समझ में नहीं आता कि ऐसा क्यों नहीं किया गया।

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ तथा अन्य प्रतिक्रियावादी तत्वों को दबा दिया गया है। हम चाहते हैं कि ऐसे तत्वों पर प्रतिबन्ध लगा दिया जाये। ऐसे विधेयक विचार विमर्ष के बाद लाये जाने चाहिए। आज देश संकट में है अतएव हम सरकार के साथ हैं ताकि प्रतिक्रियावादी तत्वों से देश की रक्षा की जा सके।

विधि, न्याय और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री एच० आर० गोखले) : आम तौर पर यह सभी की राय है कि हमारी संसदीय व्यवस्था में राष्ट्रपति, उप-राष्ट्रपति, अध्यक्ष और प्रधान मंत्री के पद अत्यन्त महत्वपूर्ण हैं और उन्हें अन्य पदों से भिन्न मानना होगा। इसी राय को प्रभावी बनानेहेतु यह विधेयक लाया गया है। संविधान के अनुच्छेद 71 के अधीन राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के चुनाव सम्बन्धी सभी विवाद उच्चतम न्यायालय द्वारा निपटाये जाते हैं।

किन्तु यह एक बड़ी हास्यास्पद स्थिति है कि इन प्रतिष्ठित व्यक्तियों के चुनावों की वैधता का निर्णय न्यायालय करें जबकि ये व्यक्ति जनता के भारी बहुमत से चुने जाते हैं।

यह हास्यास्पद बात है कि प्रधान मंत्री के लिये एक ऐसी प्रक्रिया अपनायी जाये जिसमें न्यायिक छानबीन हो और वह और भी अधिक हास्यास्पद है कि यह थोथे आधारों पर किया जाये और प्रधान मंत्री का चुनाव रद्द किया जाये। इस प्रस्ताव पर भी सभी एकमत है कि यह कार्य इस प्रयोजनार्थ गठित एक उपयुक्त प्राधिकरण अथवा निकाय पर छोड़ दिया जाये।

यह सच है कि इस विधेयक में उस निकाय अथवा प्राधिकरण को स्पष्ट नहीं किया गया है। इसके दो कारण हैं एक बात तो विधेयक में स्पष्ट कर दी गई है कि यह एक न्यायिक अथवा अर्ध-न्यायिक प्राधिकरण नहीं होगा। यह एक अन्य प्राधिकरण अथवा निकाय होगा। जो इन चार प्रतिष्ठित व्यक्तियों के चुनाव सम्बन्धी मामलों पर विचार करने के लिये उपयुक्त होगा। ऐसे दो अलग प्राधिकरण होने चाहिये; एक राष्ट्रपति तथा उपराष्ट्रपति के लिये तथा दूसरा प्रधान मंत्री तथा अध्यक्ष महोदय के लिये। कुछ देशों में ये विवाद न्यायालय के पास विचार के लिये नहीं भेजे जाते। किन्तु यह प्राधिकरण एक न्यायालय नहीं होगा किन्तु यह प्राधिकरण इन चार पदों की गरिमा और संसद की सार्वभौमिकता और सर्वोच्यता के अनुरूप ही होगा। मैं इस बात से सहमत हूं कि प्राधिकरण के कृत्यों को निर्धारित करने से पहले हमें इस बात पर ध्यानपूर्वक विचार करना चाहिए कि कौनसे आधार हैं जिनके कारण यह प्राधिकरण इन आरोपों पर विचार कर सकता है। इसलिये मैं निःसंकोक यह आश्वासन दे सकता हूं कि जब हम इस संबंध में ब्यौरा तैयार करेंगे तो सभी सम्बन्धित व्यक्तियों से परामर्श करेंगे।

प्राधिकरण' में 'निकाय' शब्दों का यहां जानबूझ कर प्रायोग किया गया है क्योंकि प्राधिकरण एक कानूनी शब्द है जिसे एक न्यायालय अथवा अर्थ न्यायिक अधिकरण समझा जाता है जबकि ऐसा होना जरूरी नहीं है। इस प्राधिकरण का क्या स्वरूप होगा इसका अधिकार क्षेत्र क्या होगा और इसमें कौम-कौन व्यक्ति होंगे आदि बातों पर संसद को इसी प्रायोजनार्थ लाये गये एक उचित विधान द्वारा सभी सहयोगी तथा सहायता देने वाले व्यक्तियों के साथ परामर्श करके निर्णय करना होगा।

यह कहा गया है कि इस विधेयक के खण्ड 21 के रहते लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम में संशोधन करने की आवश्यकता नहीं है यह कहना सही नहीं है कि इस विधेयक का खण्ड 4 सभी पर लागू होता हैं ।

इस उपबन्ध का अर्थ यह नहीं है कि अध्यक्ष तथा प्रधान मंत्री को लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अधीन नामांकन पत्र आदि भरने की आवश्यकता नहीं होगी । न ही इसके द्वारा अनुच्छेद 102 द्वारा निर्धारित अर्हताओं में कोई छूट दी गई है । इसके द्वारा संसद को अधिकार दिया गया हैं कि वह इनके चुनाव सम्बन्धी विवादों के निपटारे के लिये प्राधिकरण अथवा निकाय निर्धारित करे ।

यह बात सही नहीं है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम भेदभाव पूर्ण तरीके से लागू किया जा रहा है । अतः भेदभाव सम्बन्धी कोई भी शंका निराधार है । हम सहयोग देने वाले व्यक्तियों से बात चीत करने के लिए तैयार हैं और मंभी को मान्य तरीका ढूंढने को तैयार है । लेकिन मैं यह नहीं मानता कि प्रधान मत्री और अध्यक्ष के मामले में विशिष्ट व्यवस्था करना भेदभाव पूर्ण है । जबकि दोनों को ही संसद के चुनावों में प्रत्याशियों के रूप में चुनाव लड़ने होंगे । मैं इसे कानूनी पहलू पर नहीं रख रहा हूं क्योंकि अनुच्छेद 14 के आधार पर तथा मौलिक आधिकारों के आधार पर भी यह भेदभाव पूर्ण नहीं है ? में सभी उचित उपबन्ध सदैव गैर-भेदभाव पूर्ण वर्गीकरण अन्तर्गत आते हैं । इस की नवम अनुसूची में व्यवस्था होने पर भी मैं नहीं समझता कि भेदभाव के आधार पर कोई भी प्रहार सफल हो सकता है ।

अनेक माननीय सदस्यों ने यह उल्लेख किया है और मैं भी सामान्यतः इस दृष्टिकोण से सहमत हूं कि समय-समय पर तदर्थ आधार पर हमें संविधान में संशोधन नहीं करना चाहिए । लेकिन जब न्यायिक व्याख्या से सरकार में आर्थिक और सामाजिक कार्यक्रम में रूकावट पैदा हुई तो हमें ऐसा कई बार करना पड़ा है । इ सलिए अब समय आ गया है जब हमें सविधान के सम्पूर्ण मूलभूत ढांचे पर पुनविचार करना होगा । क्योंकि जिस समय यह संविधान बनाया गया था उस समय परिस्थिति भिन्न थी । सविधान,साधन मात्र हैं, साध्य नहीं हैं । और इसीलिए लोकतंत्र, समाजवाद, धर्म निरपेक्षता इन सभी की सुदृढ़ करने की दृष्टि से हमें संविधान के उपबन्धो पर विचार करना होगा ।

'आंसुका' की संविधान की नवम अनुसूची में सम्मिलित करने का उल्लेख किया गया है । यह विचार भी ठीक नहीं है कि इस उपबन्ध को नवम अनुसूची में शामिल करने से इसे स्थायी बनाया जा रहा है क्योंकि यह अनुसूची किसी अधिनियम को उसकी संवैधानिक वैधता से तभी तक बचाती है जब तक कि उस अधिनियम का निरसन या संशोधन नहीं किया जाता है । इसलिए परिस्थिति पर कभी भी पुनर्विचार किया जा सकता है । आपातस्थिति के बाद भी उस पर विचार किया जा सकता है । कि 'आंसुका' के कतिपय उपबन्धों का संशोधन किया जाय जिससे अनुच्छेद 31क का क्रियान्वयन और उक्त उपबन्ध नाम अनुसूची के संरक्षण के बाहर लाये जा सकते हैं या नहीं । इसके निरसन या संशोधन का मामला उपयुक्त समय पर विचारणीय होगा । तकनीकी वैधानिक और संवैधानिक आधार पर इस अधिनियम को बुरा बताकर इसके उद्देश्य को प्रभाव हीन नहीं बनाया जा सकता है। लेकिन सम्भावना यही है कि यह स्थिति अभी या कुछ समय बाद समाप्त हो जायगी, जब कि इन उपबन्धों की आवश्यकता नहीं रहेगी । तभी उन्हें बदला जा सकता है । नवम अनुसूची में शामिल किए जाने से वे इससे मुक्त नहीं समझे जायेंगे ।

श्री इन्द्रजीत गुप्त: लेकिन मौलिक अधिकार निलम्बित किए जाने से आंसुका तो पहले सुरक्षित हो गया है।

श्री एच० आर० गोखले : केवल आप ही संविधान के अनुच्छेद 359 के अन्तर्गत मौलिक अधिकारों के निलम्बन के बारे में सोच रहे हैं। हम यह नहीं चाहते हे लेकिन न्यायांग ने ऐसा किया है।

आज यह तर्क दिया जाता है कि यद्यपि हम अनुच्छेद 14 का निलम्बन भले ही कर दें लेकिन इस अनुच्छेद का उल्लधन करके हम कोई कानून पास नहीं कर सकते। मैं एसी किसी आपात-स्थिति की कल्पना नहीं करता जिसमें कि 'आंसुका' के पास करने का उद्देश्य ही विफल हो जाय। लेकिन ऐसी स्थिति में इस सभा की आंसुका का संशोधन करने तथा इसका निरसन करने तक का आधिकार प्राप्त है। इसे नवम अनुसूची में सम्मिलित कर देने से यह स्थायी कानून नहीं बनेगा।

अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में उल्लेख किया गया है। हमने कभी इनके अधिकारों का निलम्बन नहीं किया है। अतः यह शंका करने का कोई कारण नहीं है कि हम इन शक्तियों से अल्पसंख्यकों के अधिकार समाप्त कर देगें।

यह शंका भी व्यक्त की गई है कि इस अनुसूची में कुछ और अधिनियम भी सम्मिलित किये जा सकते हैं मैं ऐसी सम्भावना से इनकार नहीं करता हूं। इस मामले पर गम्भीरता से विचार करने की आवश्यकता है। इसके बारे में हमें यह देखना होगा कि यदि हम ऐसा करे तो वे न्यायालय में अवैध घोषित न किए जायें। अतः अन्य अधिनियमों को भी नवम अनुसूची में शामिल करने के बारे में विचार किया जा सकता है।

समाचार पत्रों पर लगे सेंसर के बारे में मैं अपने माननीय मित्र श्री इन्द्रजीत गुप्त से पूर्णतया सहमत हूं कि लोकतंत्र को समाप्त करने वाली प्रतिक्रियावादी तथा अलोकतांत्रिक शक्तियों पर प्रतिबन्ध लगाया जाना ही चाहिए।

इन शब्दों के साथ मैं सभा से अनुरोध करता हूं कि विधेयक पर विचार किया जाये।

अध्यक्ष महोदय : क्योंकि यह संविधान (संशोधन) विधेयक है इसलिए मैं इस पर विचार सम्बन्धी प्रस्ताव सभा के मतदान के लिए रखता हूं।

श्री मोहन धारिया : मैं इसका विरोध करता हूं और सभा का त्याग कर रहा हूं।

तत्पश्चात् श्री मोहन धारिया सदन छोडकर चले गये

(Shri Mohan Dharia then left the House)

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है

"कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाये।"

लोक सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided

पक्ष में 335

Ayes

विपक्ष में शून्य

Noes

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से और उपस्थित तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत से पास किया गया ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

अध्यक्ष महोदय : खण्ड 2 और 3 में कोई संशोधन नहीं है । मैं दोनों खण्डों को एक साथ ही प्रस्तुत करूंगा । प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 2 और 3 विधेयक के अंग बने ।"

***लोक सभा में मत विभाजन हुआ**

The Lok Sabha Divided.

पक्ष में 334

Ayes

विपक्ष में शून्य

Noes

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से और उपस्थिति तथा मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत से पास किया गया ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

* मत विभाजन का परिणाम खण्ड 2 और 3 पर अलग-अलग लागू होता है ।

The result of the Division is applicable to each of the clauses 2 and 3 separately.

खण्ड 2 और 3 विधेयक में जोड़े गये

Clause 2 and 3 were added to the Bill

खण्ड—4

अध्यक्ष महोदय : श्री मोहन धारिया और श्री शेर सिंह ने एक संशोधन का नोटिस दिया है। श्री मोहन धारिया ने मुझे एक पत्र द्वारा सूचित किया है कि वह अपना संशोधन पेश नहीं कर रहे हैं। श्री शेर सिंह सभा में उपस्थित नहीं ह।

श्री एच० आर० गोखले द्वारा दो संशोधनों का नोटिस दिया गया है।

श्री एच० आर० गोखले : ये बहुत छोटे संशोधन हैं। इनमें संविधान संशोधन विधेयक की संख्या परिवर्तित करना है। क्योंकि जो संशोधन विधेयक पहले पुरःस्थापित किया जा चुका है यह संयुक्त समिति के पास भेजा गया है। अतः इस विधेयक की संख्या में परिवर्तन करना है।

संशोधन किया गया

पृष्ठ 2, पंक्ति 47 :—

"चालीसवां" (**fortieth**) के स्थान पर "उन्तालीसवां" (**Thirtyninth**) प्रतिस्थापित किया जाए। (5)

पृष्ठ 3, पंक्ति 14,—

"चालीसवां" (**fortieth**) के स्थान पर "उन्तालीसवां" (**Thirtyninth**) प्रतिस्थापित किया जाए। (6)

(श्री एच० आर० गोखले)

श्री इन्द्रजीत गुप्त : पहली बार एक संशोधन पास किया जा रहा है जो सदस्यों में प्रचारित नहीं किया गया।

अध्यक्ष महोदय : वह इन्होंने पढ़ दिया था।

प्रश्न नहीं है :

"खण्ड 4, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने"।

लोक सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided

पक्ष में 333 विपक्ष में

Ayes Noes

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से तथा उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत से पास किया गया ।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 4, संशोधित रूप में, विधेयक में जोड़ दिया गया ।

Clause 4, as amended was added to the bill.

खण्ड 5

श्री बी० आर० शुक्ल(बहराइच) : मैं अपना संशोधन पेश नहीं कर रहा ।

Shri Jambuwant Dhote (Nagpur): The movers of amendment Nos 9 & 10 stood up when you called them?

Mr. Speaker: I may inform the hon. members that during division according to rules no speech could be made.

Shri Jambuwant Dhote: My submission is that when the members concerned stood to move his amendment some members sitting behind him forced him to sit down and not only that even the Parliamentary Affairs Minister himself went to him and asked him to sit down. This cannot be allowed. It is not justified in any way.

Mr. Speaker: The chief whip of the party can do that. The member concerned can make a complaint.

Shri Jambuwant Dhote: This cannot be allowed in the House. This expunged as ordered by the Chair.

अध्यक्ष पी० के आदेशानुसार कार्यवाही वृतान्त से निकाल दिया गया ।

(इसके बाद श्री जाम्बुवन्त धोटे और श्री राम हेडाऊ सभा भवन से बाहर चले गये)

(Shri Jambuwant Dhote and Shri Ram Hedaoo then left the House)

निर्माण और आवास तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री के० रघुरामैया) मैंने श्री बी० आर० शुक्ल को पकड़ कर नहीं बिठाया । मैं वहां किसी अन्य काय से जा रहा था और उनसे दूर था । वह पहले ही यह कह चुके थे कि मैं अपना संशोधन पेश नहीं कर रहा हूं । दल के सचेतक के नाते मुझे किसी सदस्य के पास जाने का अधिकार है ।

अध्यक्ष महोदय : मतदान के बीच भाषण नहीं हो सकता परन्तु वे बोलने ही चले गये । सचेतक का तो यह काम ही है कि वह अपने दल के सदस्यों को सचेत करे । मुझे सदस्य के कथन पर खेद है ।

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"खण्ड 5 विधेयक का अंग बने"

लोक सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided

पक्ष में Ayes	333	विपक्ष में Noes	शून्य

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से तथा उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो तिहाई से अन्यून बहुमत से पास किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 5 विधेयक में जोड़ा गया

Clause 5 was added to the Bill

खण्ड 1

संशोधन किया गया

Amendment made

पृष्ठ 1, पंक्ति 3,—

'चालीसवां' (**Fortieth**) के स्थान पर "उन्तालीसवां" **"Thirty-ninth"** प्रतिस्थापित किया जाए। (1)

(श्री एच० आर० गोखले)

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि खण्ड 1, संशोधित रूप में, विधेयक का अंग बने"

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

The motion was adopted.

खण्ड 1 संशोधित रूप में विधेयक में जोड दिया गया।

Clause 1, as amended, was added to the Bill.

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

अधिनियमन सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक का अंग बने।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted.

"कि अधिनियम सूत्र और विधेयक का नाम विधेयक **में जोड़ दिए गये**

The Enacting Formula and the Title were added to the Bill

श्री एच० आर० गोखले : मैं प्रस्ताव करता हूं :

"कि विधेयक, संशोधित रूप में, पास किया जाए।"

अध्यक्ष महोदय : प्रश्न यह है :

"कि विधेयक, संशोधित रूप में पास किया जाए।"

लोक सभा में मत विभाजन हुआ

The Lok Sabha divided

पक्ष में	336:	विपक्ष में	शून्य
Ayes		Noes	

प्रस्ताव सभा की कुल सदस्यता के बहुमत से तथा उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों के दो-तिहाई से अन्यून बहुमत से पास किया गया।

प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

The motion was adopted

इसके पश्चात लोक सभा अनिश्चित काल के लिए स्थगित हुई।

The Lok Sabha then adjourned sine-die

GMGIPND—M—1287 L S J C 196?—200

PLS. 48. LIV. 14.75 (N)
200

© 1975 प्रतिलिप्यधिकार लोक-सभा सचिवालय को प्राप्त ।

लोक-सभा के प्रक्रिया तथा कार्य-संचालन सम्बन्धी नियमों (पांचवां संस्करण) के नियम 379 और 382 के अन्तर्गत प्रकाशित और मुख्य व्यवस्थापक, भारत सरकार मुद्रणालय, मिन्टो रोड, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित ।

© 1975 BY THE LOK SABHA SECRETARIAT

Published under rules 379 and 382 of the rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha (Fifth Edition) and Printed by the General Manager, Government of India Press, Minto Road, New Delhi.